रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 25 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 315 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# ब्लूबर्ड ब्लॉक-2

## मिशन लॉन्चिंग के साथ इसरो ने रचा इतिहास, बदल जाएगा मोबाइल नेटवर्क का अंदाज !

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। बुधवार सुबह करीब 8.54 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन लॉन्च किया गया। इस मिशन के तहत अमेरिका के नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण किया गया। ये एक वाणिज्यिक मिशन है, जिसमें स्पेस एजेंसी सुबह 8.54 बजे दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम6 के जरिए 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' का प्रक्षेपण किया जाएगा।

### जानें इस मिशन के बारे में सबकुछ

बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 6100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड है। इस मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने 23 दिसंबर को तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था

### 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर होगा तैनात

बुधवार सुबह में लॉन्च ये मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है। एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक यूनिट है। ये 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर तैनात होगायह ऐतिहासिक मिशन अगली पीढ़ी का ऐसा संचार उपग्रह स्थापित करेगा, जिसे दुनिया भर में सीधे स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मिशन से मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी में जरूरी बदलाव आएगा।




### 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' मिशन की बड़ी बातें

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, 43.5 मीटर ऊंचा एमवीएम3 तीन चरणों वाला रॉकेट है। इसमें क्रायोजेनिक इंजन लगा है। इसे इसरो के 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर' ने विकसित किया है। लॉन्चिंग के लिए आवश्यक अत्यधिक थ्रस्ट प्रदान करने के लिए इस प्रक्षेपण यान में दो एस200 ठोस रॉकेट बूस्टर लगाए गए हैं, जिन्हें विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने डेवलप किया है। प्रक्षेपण के लगभग 15 मिनट बाद 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' उपग्रह के रॉकेट से अलग होने की उम्मीद है। ये 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर तैनात होगा। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन का उद्देश्य उपग्रह के जरिए सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। यह नेटवर्क दुनिया में कहीं भी, कभी भी, सभी के लिए 4जी और 5जी वॉयस-वीडियो कॉल, संदेश, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। एएसटी स्पेसमोबाइल ने सितंबर 2024 में ब्लूबर्ड-1 से 5 तक पांच उपग्रह प्रक्षेपित किए थे, जो अमेरिका और कुछ अन्य देशों में निरंतर इंटरनेट कवरेज प्रदान कर रहे हैं। कंपनी ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए ऐसे और उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है और दुनिया भर के 50 से अधिक मोबाइल ऑपरेटरों के साथ साझेदारी की है।

# 5 करोड़ 25 लाख का राशन, कांग्रेस ने खाद्य मंत्री के रिपोर्ट कार्ड पर उठाए सवाल

**भोपाल। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पेश किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने विभाग की दो साल की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अब 5 करोड़ 25 लाख लोगों को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।**

पिछले दो वर्षों में 22,800 करोड़ रुपये का राशन वितरण किया गया है। मंत्री ने यह भी दावा किया कि अब उपभोक्ताओं को राशन वितरण की जानकारी मोबाइल पर सीधे दी जा रही है। खाद्य मंत्री ने बताया कि पीडीएस वितरण केंद्रों की संख्या 269 से बढ़ाकर 308 कर दी गई है। साल में दो बार, 26 जनवरी और 2 अक्टूबर को ग्राम सभा में पात्र हितग्राहियों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया जाता है। इस दौरान 35 लाख अपात्र, डुप्लीकेट और मृत हितग्राहियों के नाम सत्यापन के बाद पोर्टल से हटाए गए और 14 लाख नए हितग्राहियों को जोड़ा गया। वन नेशन-वन राशन योजना के तहत प्रदेश के 39 हजार परिवार अन्य राज्यों में निःशुल्क राशन ले रहे हैं, वहीं अन्य राज्यों के करीब 6 हजार परिवार मध्य प्रदेश से राशन ले रहे हैं। बुजुर्गों के लिए ऑनलाइन राशन वितरण में हाथ की लकीरों की जगह आंखें स्कैन कर पहचान की व्यवस्था की जा रही है।

मंत्री ने यह भी बताया कि एप के माध्यम से वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की गतिविधियों को रियल टाइम में मॉनिटर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और गैर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं ने अब तक 6 करोड़ 17 लाख गैस टंकियों की रिफिल कराई है, जिसमें सरकार ने 911 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जरूरत के अनुसार उचित मूल्य दुकानों की स्थापना की जाएगी, एलपीजी वितरण के लिए सेक्टरवार काउंटर बनाए जाएंगे और अखाड़ों को अस्थाई गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। शहरी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इधर, कांग्रेस ने खाद्य मंत्री के रिपोर्ट कार्ड पर तीखे सवाल उठाए। कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा कि कल निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश में 5 करोड़ 31 लाख मतदाताओं की सूची जारी की, वहीं मंत्री ने 5 करोड़ 25 लाख लोगों को मुफ्त राशन देने की बात कही।

# जिला कौशल विकास समिति की बैठक सम्पन्न

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला कौशल विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण दिलाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले में संचालित उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों का अध्ययन कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक तथा इंजीनियरिंग कॉलेज में कैंपस सलेक्शन के शिविर आयोजित किए जाएं। जिले के पांचों विकासखंडों में वृंदावन ग्रामों का चयन किया गया है। सभी विभाग के अधिकारी इन ग्रामों का भ्रमण कर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के अनुरूप हितग्राहियों का चयन करें तथा उन्हें लाभान्वित करें। बैठक में प्राचार्य आईटीआई, पॉलीटेक्निक, उद्योग, श्रम, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, अग्रणी बैंक प्रबंधक, हथकरघा, ग्रामोद्योग तथा ओरिएन्ट पेपर मिल अमलई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिक से अधिक युवाओं को औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं उद्योग संस्थाओं में इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराएं। इसी तरह प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में परंपरागत रूप से कार्य करने वाले शिल्पकारों एवं कलाकारों का चिन्हांकन कर उनके कौशल उन्नयन का कार्य किया जाए तथा उनके द्वारा तैयार उत्पाद के विक्रय के लिए शिल्पमेलों का आयोजन भी किया जाए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को छोटे-छोटे अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उनका कौशल उन्नयन किया जाए। प्राचार्य आईटीआई शहडोल ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के माध्यम से युवाओं को









औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं संस्थाओं में 1 साल की इंटर्नशिप देकर कार्य में दक्षता लाने का कार्य किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही की न्यूनतम योग्यता 12वीं पास होना चाहिए। पॉलीटेक्निक एवं डीग्रीधारी छात्र जिनकी आयु 18 से 29 वर्ष है योजना का लाभ ले सकते हैं। इंटर्नशिप के दौरान इन्हे स्टाईपेंड का भी प्रावधान है।जिसमें 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन एवं 25 प्रतिशत राशि संबंधित संस्थान द्वारा भुगतान की जाती है। इंटर्नशिप पूरी होने तक कौशल उन्नयन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाता है। जिले में 18 युवाओं को योजना का लाभ मिल चुका है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत परंपरागत शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण पश्चात जारी प्रमाण पत्र के आधार पर बैंकों द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने हेतु बिना गारंटी के 3 लाख रूपए का ऋण दिया जाता है। शासन द्वारा हितग्राही को ऋण पर 5 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है।

कलेक्टर ने योजना के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं तथा हस्तशिल्प केन्द्र छतवई में काम करने वाली महिलाओं को कालीन के अतिरिक्त बाजार की मांग के अनुसार अन्य गतिविधियां संचालित करने हेतु प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को लघु अवधि वाले तथा उत्पादक गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम जिनमें रोजगार की संभावनाएं हों के प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## महाराष्ट्र में बंधुआ मजदूर बनाए गए शिवपुरी के 15 आदिवासी, परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुँच लगाई मदद की गुहार

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी जिले के सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेंवड़ा से रोजगार की तलाश में गए करीब 15 आदिवासियों को महाराष्ट्र के सोलापुर में बंधुआ मजदूर बनाकर रखने का



सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें वहां न केवल प्रताड़ित किया जा रहा है, बल्कि बंधक बनाकर उनसे जबरन काम कराया जा रहा है। बुधवार शाम साढ़े 4 बजे पीड़ित परिजनों ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर अपने परिजनों की सुरक्षित वापसी के लिए गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही नितेश आदिवासी, करीब दो महीने पहले 15-16 ग्रामीणों को गन्ने की कटाई के काम के लिए महाराष्ट्र ले गया था। परिजनों को आश्वासन दिया गया था कि वे मात्र 15 दिनों में काम निपटाकर वापस लौट आएंगे। लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी जब वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।

एसपी ऑफिस पहुंची महिला संता आदिवासी ने बताया कि वहां फंसे मजदूरों में चार युवतियां भी शामिल हैं। मजदूरों से सुबह 3 बजे से रात 9 बजे तक गन्ने के खेतों में कड़ी मेहनत कराई जा रही है। शिकायत के अनुसार, ठेकेदार उन्हें वेतन नहीं दे रहा है और मांगने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। मजदूरों को ठीक से खाना भी नहीं दिया जा रहा है और उन्हें एक तरह से कैद करके रखा गया है। परिजनों ने बताया कि वहां फंसे लोगों ने छिपकर फोन के माध्यम से अपनी आपबीती सुनाई है। उन्होंने रोते हुए बताया कि वे वहां बहुत मुसीबत में हैं और ठेकेदार उन्हें वहां से आने नहीं दे रहा है। मजदूरों ने अपने परिवार से जल्द से जल्द मदद भेजने की अपील की है।

## सम्मानित अतिथियों, समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों, और मेरे प्रिय साथियों

खुशबू श्रीवास्तव

आज मुझे सर्व समाज का प्रदेशअध्यक्ष नियुक्त किया गया है, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और इस महत्वपूर्ण पद के लिए मुझे चुना। सर्व समाज का अध्यक्ष बनने के नाते, मैं समाज के विकास और उन्नति के लिए काम करने का संकल्प लेता हूँ। हमारा समाज विविधता में एकता का प्रतीक है, और हमें इस एकता को बनाए रखना है।

हमारे समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक विकास के क्षेत्र में कई चुनौतियाँ हैं। हमें इन चुनौतियों का सामना करना होगा और समाज के हर वर्ग के लिए काम करना होगा। हमें युवाओं को प्रेरित करना होगा, महिलाओं को सशक्त बनाना होगा, और बुजुर्गों का सम्मान करना होगा। मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि हम एकजुट होकर समाज के विकास के लिए काम करें। आइए, हम सर्व समाज


समाज सेवा रजि.नं. 03/27/01/25745/24 जनसेवक बनकर

सर्व समाज जनसेवक संगठन
SARV SAMAJ JANSEVAK SANGATHAN

प्रदेश कार्यालय:–15 संवाद नगर नवलखा इन्दौर (म.प्र.) 0731.4103525

क्रमांक 872 दिनांक 24/12/2025

मनोनयन पत्र

प्रिय साथी: पूज्य श्री स्वामी मोहितानन्द जी महाराज
सर्व समाज जनसेवक संगठन के प्रति आपकी निष्ठा एंव विश्वास को देखते हुऐ आपको सर्व समाज जनसेवक संगठन अध्यात्मिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया जाता है।
मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप मध्य प्रदेश सहित देश मे सर्व समाज जनसेवक संगठन के परम उद्देश्य मानवतावादी विचारधारा को आत्मसात करते हुये पीड़ित मानवता की सेवा में संगठनात्मक, रचनात्मक कार्यो में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

शुभकामनाओं सहित
भवदीय

प्रतिष्ठा में– पूज्य श्री स्वामी मोहितानन्द जी महाराज
पता: वार्ड क्रमांक 10, प्रिरिकमा मार्ग
मंधाता ओंकारेश्वर,उज्जैन (म.प्र.)
मो0: 9111352001

प्रतिलिपि–
❖संरक्षक महोदय को सूचनार्थ। म.प्र. संगठन प्रभारी सर्व समाज जनसेवक संगठन
❖प्रदेश कार्यालय को सूचनार्थ। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व समाज जनसेवक संगठन

राष्ट्रीय कार्यालय ई 2/22 सोनिया विहार दिल्ली 110094 Email :sarvsamajjansewak@gmail.com

को एक मजबूत और समृद्ध समाज बनाने के लिए मिलकर प्रयास करें।

इंदौर
इंदौर, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025
रणजीत टाइम्स


# आगामी नव वर्ष को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस द्वारा पब/बार, रेस्टोरेन्ट, होटल, लाज, फार्म हाउसव मेरिज गार्डन प्रबंधकों के साथ किया बैठक का आयोज

## डीसीपी जोन-02 द्वारा आयोजको को नियमानुसार आयोजन करने के संबंध में, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



इंदौर-शहर में आगामी नव वर्ष को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक के सुचारू संचालन एवं ध्वनि नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर पुलिस को सभी से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक द्वारा नगरीय जोन-02 क्षेत्र के सभी बार-यूरेसिया, कार ओ बार हैट आफ, किव, एनएच 3, पब मार्कक्यू, वन 8, अनडर डाग, बर्लिन, स्ट्राइकर आदि रेटोरेन्ट, होटल- शेरेटन, जार्डन, मैरियट, सयाजी, रेडिसन आदि, लांज, फार्म हाउस, मेरीज गार्डन के प्रतिनिधियों के साथ आज दिनांक 24/12/2025 को पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में अति. पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेंद्र सिंह, एसीपी विजय नगर श्री राजकुमार सराफ, एसीपी परदेशीपुरा श्रीमती हिमानी मिश्रा, एसीपी खजराना श्री कुंदन मंडलोई व अनुभाग के सभी थाना प्रभारीगण और बार, पब, रेटोरेन्ट, होटल, लांज, फार्म हाउस, मेरीज गार्डन के करीब 150 प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

डीसीपी द्वारा सभी को आगामी नव वर्ष के आयोजन के दौरान सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक के सुचारू संचालन एवं ध्वनि नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए संचालन हेतु निम्न निर्देश दिए गये -

क्या करें( DO's) :-

### कानूनी एवं प्रशासनिक-

1. वैध लाइसेंस, परमिट एवं अनुमति पत्र परिसर में प्रदर्शित रखें
2. निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन करे।
3. शराब परोसने के लिए आबकारी नियमों का पूर्ण पालन करें
4. पुलिस प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देशों एवं sop का अनुपालन करें

### सुरक्षा व्यवस्था-

1. प्रवेश गेट पर पहचान पत्र चेक किया जावे
2. प्रवेश करने वालो के पहचान पत्र की छाया प्रति (फोटोकॉपी) एवं मोबाईल नम्बर अनिवार्य रूप से लिया जावे
3. प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच (फ्रिस्किंग) एवं बैग चेकिंग करें
4. आपत्तिजनक सामग्री/वस्तु मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें
5. सीसीटीवी कैमरे कार्यशील रखें एवं रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखें
6. प्रशिक्षित बाउंसर सिक्योरिटी गार्ड तैनात रखें
7. अग्नि सुरक्षा उपकरण (फायर एक्सटिंग्विशर) सक्रिय अवस्था में रखें।
8. बंद परिसर में पटाखों/पिरो इत्यादि का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
9. कुल आंगतुकों की संख्या अनुसार 10% महिला/पुरुष वॉलंटियर्स को सुरक्षार्थ रखा जावे

### भीड़ एवं यातायात प्रबंधन-

1. क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश न दें।
2. पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें, अवैध पार्किंग न होने दें।
3. पार्किंग में पार्याप्त प्रकाश एवं सीसीटीवी व्यवस्था करें।
4. पार्किंग में अनिवार्य रूप से सुरक्षाकर्मी तैनात करें।
5. नशे में वाहन चलाने वालों को रोकें, कैब ड्राइवर सुविधा उपलब्ध कराएँ

### महिला एवं नागरिक सुरक्षा-

1. महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें।
2. किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकत को तुरंत रोके।
3. शिकायत/सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करें।
4. महिला सुरक्षाकर्मी अनिवार्य रूप से तैनात करें

क्या न करें (DONT'S DO'S):-

### कानून का उल्लंघन-

1. बिना अनुमति लाइव म्यूजिक, डीजे, डांस शो का आयोजन न करें।
2. निर्धारित समय के बाद शराब परोसना या कार्यक्रम जारी रखना वर्जित है।
3. नाबालिगों को शराब परोसना या प्रवेश देना सख्त अपराध है

### सार्वजनिक शांति भंग-

1. अत्यधिक तेज आवाज में संगीत न बजाएँ।
2. अश्लील नृत्य, आपत्तिजनक प्रदर्शन या भड़काऊ गतिविधियाँ न हों।
3. मारपीट, हुड़दंग या झगड़े की स्थिति को नजरअंदाज न करें

### सुरक्षा से लापरवाही-

1. नशे की हालत में लोगों को वाहन चलाने न दें।
2. किसी भी प्रकार का हथियार नशीला पदार्थ परिसर में प्रवेश न करने दें।
3. फायर सेफ्टी या आपात निकास को बाधित न करें।
4. पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों से असहयोग न करें।
5. सीसीटीवी, लाइटिंग या सुरक्षा व्यवस्था जानबूझकर बंद न रखें।

साथ ही निर्देशित किया कि, विवाद होने या अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सुचित करें। पुलिस एवं इमरजेंसी नम्बर आवश्यक रूप से प्रदर्शित करें। निर्देशो का सख्ती से पालन एवं नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण, सीलिंग, जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आयोजक प्रबंधक किसी भी अप्रिय घटना के संबंध में लिए पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।

# क्रिसमस पर सेंट फ्रांसिस ऑफ़ असीसी कैथेड्रल चर्च में सर्वधर्म सद्भाव का संदेश



इंदौर। दिनांक 24 दिसंबर 2025 को क्रिसमस के पावन अवसर पर सेंट फ्रांसिस ऑफ़ असीसी कैथेड्रल चर्च में सर्वधर्म समभाव का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी धर्मों के अनुयायियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बिशप थॉमस मैथ्यू कुट्टिमकल का शॉल एवं कलम पेन भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल, "एक तू ही जयगुरूदेव" सदगुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, सुभाष जैन, जानकीलाल पटेरिया, जैन समाज से अशोक शास्त्री, अक्षय एलिया, सबीर खान, किशन भालसे सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मानव प्रेम धर्म को केंद्र में रखते हुए सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने मिलकर केक काटा तथा एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता और शांति के लिए आपसी सद्भाव और प्रेम सबसे आवश्यक है।कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन मानवता सर्वोपरि है।

# अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई

## देवास खातेगाँव–नेमावर क्षेत्र में संयुक्त दबिश, 12 प्रकरण दर्ज

**देवास जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ऋतुराज सिंह के निर्देशन एवं मनीष खरे के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग देवास द्वारा दिनांक 24 दिसंबर 2025 को वृत्त खातेगाँव क्षेत्र में संयुक्त दबिश की गई। इस दौरान खातेगाँव क्षेत्र के हरिजन मोहल्ला, सिरालिया ग्राम, नेमावर के सिकलीगर मोहल्ला सहित अन्य स्थानों पर सघन सर्चिंग की गई। कार्रवाई में 85 लीटर हाथ भट्टी मदिरा 1900 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 2 लाख 7 हजार रुपये आँका गया है।**



इस प्रकरण में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई में शामिल अधिकारी एवं स्टाफ आज की कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पंवार एवं दिनेश भार्गव के नेतृत्व में संपन्न हुई। टीम में— खातेगाँव उपनिरीक्षक पूजा गेहलोत, आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, कैलाश जामोद, मुख्य आरक्षक राजाराम, दीपक धुरिया, आरक्षक शंकरलाल परते, विकास, निहाल, निकिता परमार, राजेश जोशी, विकास गौतम, अरविंद जिनवाल, सैनिक संतोष कटारे, अनिल चौहान एवं अनिल अकोड़िया शामिल रहे। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोहद विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की विशेष मीटिंग हुई आयोजित



दिव्यानंद अर्गल

गोहद :- बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बहन कुमारी मायावती जी के जन्मदिन की तैयारी और गोहद विधानसभा की कमेटी और नगर कमेटी की विशेष मीटिंग आयोजित हुई इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रभारी डॉ.सुनील पवैया मा.सुरेश भजैया जी जिला अध्यक्ष बसपा भिंड विधानसभा प्रभारी संजय जाटव जी विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव कुशवाहा जी गोहद नगर अध्यक्ष लालू मोहर जी और  कांग्रेस से अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बबलू खान जी ने कांग्रेस छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ली जिला अध्यक्ष जी ने उन्हें माला पहनकर पार्टी में उनका स्वागत किया इस अवसर पर जिला प्रभारी डॉक्टर सुनील पवैया ने गोहद विधानसभा कमेटी और नगर कमेटी से बहन कुमारी मायावती जी के जन्मदिन की तैयारी हेतु उनका जन्मदिन आर्थिक दिवस के रूप में मानना है उसके लिए दिशा निर्देश दिए और जिला अध्यक्ष श्री सुरेश भजैया जी ने भी कहा की पार्टी का संगठन मजबूत करें और बहन जी के जन्मदिन के लिए लोगों के घर-घर जाकर आर्थिक सहयोग इकट्ठा करें इस अवसर पर श्री बबलू खान ने भी अपनी बात रखी और उन्होंने कहा कि मैं अब आजीवन बहुवचन समाज पार्टी में रहकर काम करूंगा देश के अंदर अल्पसंख्यक समाज को सबसे ज्यादा धोखा कांग्रेस पार्टी ने दिया है और उनके हक अधिकारों को खत्म करने में कांग्रेस ज्यादा जिम्मेदार है इसलिए में कांग्रेस पार्टी को छोड़कर बहुजन समाज पार्टी में काम करूंगा इस मौके पर मुन्नालाल फौजी जी ओमप्रकाश विमल वीरेंद्र जाटव विधानसभा उपाध्यक्ष पृथ्वीराज जाटव विधानसभा प्रभारी जयनारायण गोयल विधानसभा अध्यक्ष भिंड जितेंद्र विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष जाटव ब्रह्मजीत नेताजी बालकृष्ण उचाड़िया जी वीरेंद्र बिजावर जी डॉ कैलाश जी उदयराज बरैया जी भगवान दास माहोर जी रूप सिंह अर्गल जी मौजूद रहे |

# खजराना में संत सेवालाल महाराज जयंती आयोजन समिति घोषित



राजेश धाकड़

## सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति, भव्य आयोजन का संकल्प

इंदौर (खजराना)। खजराना स्थित बंजारा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में समाजजनों की सर्वसम्मति से संत सेवालाल महाराज जयंती आयोजन समिति, खजराना की घोषणा की गई। साथ ही आगामी जयंती को भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित करने को लेकर विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। घोषित आयोजन समिति के पदाधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्षः कमल राठौर मुख्य संयोजकः पवन पवार महासचिवः रमेश राठौड़ उपाध्यक्षः मोहन राठौर, उमेश पवार, भारत राठौड़ सचिवः दीपक गोविंद चौहान कोषाध्यक्षः जितेंद्र राठौर सह-कोषाध्यक्षः एडवोकेट सुनील राठौर,मीडिया प्रभारीः करण पंवार कार्यकारिणी सदस्यः बादल राठौर, संतोष राठौड़, राहुल राठौर, अरविंद पवार, लक्ष्मण पवार बैठक में उपस्थित समाजजनों ने नवनियुक्त आयोजन समिति को बधाई दी और जयंती समारोह को सफल बनाने हेतु तन–मन–धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी एवं कार्यशाला

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तत्वाधान में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकार के प्रति सजग रहे और दूसरों को उपभोक्ता अधिकार के संबंध में जागरूक कर अपना उत्तर दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि कोई भी वस्तु खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता और कीमत के बारे में पूरी जानकारी लें, झूठे अथवा भ्रामक विज्ञापनों से सावधान रहें। सुरक्षा और गुणवत्ता एवं आई.एस.आई. मार्क और एगमार्क वस्तुएं ही खरीदें। खरीदी गई वस्तु की उचित रसीद कैश मेमो तथा गारंटी वारंटी कार्ड लें। इस पर विक्रेता के हस्ताक्षर तथा मुहर लगी हो। जिला उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य श्री राजेंद्र द्विवेदी ने कार्यशाला



को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता कोई भी सामान खरीदने पर दुकानदारों से बिल अवश्य ले। उन्होंने बताया गया कि उपभोक्ताओं को 6 तरह के अधिकार प्राप्त हैं जिसमें सुरक्षा का अधिकार, चयन का अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार शामिल है। जब भी आपको खरीददारी करने जाना हो पहले से योजना बना कर जाएँ। जिन वस्तुओं को खरीदना है. उसकी एक सूची बना लें। इससे आप जरूरी सामान नहीं भूलेंगे और बिना जरूरत के सामानों की खरीददारी करने से बच सकेंगे। जिन पैकेट बन्द उत्पादों को आप खरीद रहे है उसके उपभोग की अंतिम तिथि की जाँच अवश्य करें। उपभोक्ता संरक्षण कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य नागरिको ने भी अपना अनुभव साझा किया। कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिक जगदीश पटेल, विष्णु विश्वकर्मा, ए सी श्रीवास्तव, आर. एन. सिंह, अनिल सिंह पुष्पराज सिंह बघेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम दास जायसवाल, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री प्रदीप द्विवेदी, श्री शुभदीप खरे, विष्णु प्रताप सिंह, भूतपूर्व सैनिक, उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिले में शासकीय विद्यालयों की सघन निरीक्षण मुहिम
## साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष जोर



### डीपीसी ने किया खनियाधाना क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

**जगदीश पाल**

शिवपुरी जिला परियोजना समन्वयक (DPC) दफेदार सिंह सिकरवार शिवपुरी द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों में निरीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत आज जिले के सबसे दूरस्थ विकासखंड खनियाधाना में विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, कक्षा-कक्षों की व्यवस्था, शैक्षणिक वातावरण, अभिलेखों का संधारण तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखें, पुताई-सजावट, शौचालय, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुधार तत्काल किए जाएं।

जिला परियोजना समन्वयक ने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों का वातावरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसीलिए सभी शाला प्रभारियों एवं शिक्षकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय नदावन मैं स्वच्छता सौंदर्यकरण एवं शैक्षिक वातावरण ठीक पाया गया तथा प्रधान अध्यापक श्री मदन वंशकार को छात्र उपस्थित एवं शैक्षिक स्तर सुद्रण करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद शासकीय माध्यमिक विद्यालय बनखेडा में निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय शैक्षणिक फ्लेक्स स्वच्छता रंगोलिया छात्रों की पढ़ाई का स्तर एवं विद्यालय के बगीचे की प्रशंसा की गई साथ ही विद्यालय प्रधानाध्यापक श्री बालिक राम लोधी द्वारा स्वयं के व्यय शौचालय मरम्मत के कार्य की प्रशंसा की गई।निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। यह निरीक्षण अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## किसान दिवस पर जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी ने किसानों को किया सम्मानित

**बोले- किसानों के हितों की रक्षा करना सभी का धर्म**




**जगदीश पाल**

पिछोर/भौंती। किसान दिवस के अवसर पर भौती में बड़े ही धूमधाम से किसान दिवस मनाया गया भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी देश की आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर है। किसान को अन्नदाता कहते हैं,जो केवल खेतों में फसल नहीं उगाता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की नींव भी संभालता है। इसी सम्मान और योगदान को याद करते हुए हर साल 23 दिसंबर को किसान दिवस मनाया जाता है। 2025 में भी यह दिन किसानों के संघर्ष,आत्मसम्मान और अधिकारों को याद करते हुए आज भौंती में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर जिला_पंचायत_सदस्य_मनीराम लोधी (किसान) एवं सैकड़ों किसानों द्वारा भौंती उप_तहसील से लेकर समस्त मार्केट में बैलगाड़ी एवं बाइकों से रैली निकाली गई रैली निकालने के बाद भौंती ग्राम पंचायत सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया और कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं पशुपालन, उद्यानकी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे जिसमें किसानों को अपने-अपने विभागों की जानकारी दी गई और सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम में पधारे समस्त बैलगाड़ी चालकों को जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी किसान ने शॉल एवं फूलमाला पहनकर सम्मानित किया और वहां पर पधारे समस्त कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारीयों द्वारा किसानों को बारी-बारी से जानकारी दी गई और इस कार्यक्रम में पधारे अतिथि श्रीमति सेतु-विकास जैन, ग्राम के सरपंच श्रीमति ज्योति-अखिलेश गुप्ता, पशुपालन विभाग से हेमंत ओझा ,उद्यानकी विभाग से राघव पाठक , कृषि विभाग से इंदर सिंह राजपूत और पंकज भिलाला कृषि विस्तार अधिकारी एवं श्री राधेश्याम (एडवोकेट) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और एडवोकेट राजेंद्र लोधी ओबीसी महसभा जिलाध्यक्ष ,महेश डोंगर , बबीना खांडी से लोधी केशव राजपूत द्वारा किसानों के लिए बहुत सुंदर गीत के माध्यम से प्रस्तुति दी गई और दिनेश लोधी (अखिल भारतीय लोधी विमुक्त जनजाति संघ जिलाध्यक्ष शिवपुरी) उपस्थित रहे कार्यक्रम समापन के बाद सभी अतिथि गणों को जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी किसान जी द्वारा महारानी वीरांगना अवंती बाई जी संत प्रवचन शिक्षा के सागर स्वामी ब्रह्मानंद जी का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया आभार व्यक्त आदरणीय सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश बिलैया जी द्वारा किया गया

# मौत को मात देकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर

## आई बी डबल्यू 2025 में ग्वालियर के प्रमोद धनेले ने साझा की 'जिंदादिली' की दास्तां

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर :- 'इंडिया बाइक वीक 2025' में पूरे भारत से एकमात्र पैरा-राइडर के रूप में शामिल हुए ग्वालियर के प्रमोद धनेले ने मंच से जब अपनी आपबीती सुनाई, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं और हौसला बुलंद हो गया। प्रमोद ने बताया कि कैसे एक सकारात्मक सोच इंसान को मौत के मुंह से खींच लाती है।

एक्सीडेंट अंत नहीं, नई शुरुआत है

प्रमोद ने मंच से उस खौफनाक एक्सीडेंट को याद करते हुए कहा, "हादसे हमेशा परिवर्तन के लिए होते हैं। जब मेरा एक्सीडेंट हुआ और पैर कटा, तो मैंने दुखी होने के बजाय कुदरत को 'थैंक्स' बोला। मुझे खुशी थी कि ट्रक का पहिया मेरे ऊपर से नहीं गुजरा, मैं पूरा बच गया, सिर्फ एक पैर ही तो गया था। मैंने मौत को बहुत करीब से देखा था, इसलिए मुझे जीने की एक नई उम्मीद दिखी। प्रमोद ने जीवन का सबसे बड़ा मंत्र साझा करते हुए कहा कि जब हम मुश्किल में हों, तब भी हमें खुशी ढूंढनी चाहिए। उन्होंने बताया, "एक्सीडेंट के वक्त मेरी सबसे बड़ी खुशी यह थी कि एम्बुलेंस जल्दी आ गई, मुझे समय पर अस्पताल पहुंचाया गया और ब्लड मिल गया। उस समय अगर मैं नेगेटिव सोचता तो शायद घबराकर बेहोश हो जाता, लेकिन मेरी पॉजिटिव सोच ने मुझे होश में रखा और मुझे लड़ने की शक्ति दी। वहीं से मेरे नए जीवन की शुरुआत हुई। हजारों राइडर्स और कई देशों के इंटरनेशनल बाइकर्स के बीच प्रमोद अकेले ऐसे व्यक्ति थे जो अपनी शारीरिक कमी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाकर मंच पर खड़े थे। उन्होंने साबित किया कि अगर हम पॉजिटिव सोचते हैं, तो हमें उम्मीद की किरण दिखती है और पूरी कुदरत हमें फिर से खड़ा करने में जुट जाती है।




### प्रमुख संदेश

नकारात्मक सोचः आपको हमेशा परेशान रखेगी।

सकारात्मक सोचः आपको नई शुरुआत के लिए खड़ा करेगी।

अद्वितीय उपलब्धिः पूरे इंडिया बाइक वीक 2025 में भारत के एकमात्र पैरा-राइडर।

---

# मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना से कल्याणी महिलाओं को मिल रहा लाभ




## कलेक्टर द्वारा योजनांतर्गत तीन हितग्राहियों को भुगतान, दो प्रकरण स्वीकृत

झाबुआ मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के अंतर्गत विधवा (कल्याणी) महिलाओं को पुनर्विवाह करने पर 2.00 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर के निर्देशन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कल्याणी महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग झाबुआ श्री पंकज सांवले ने बताया कि कलेक्टर जिला झाबुआ नेहा मीना द्वारा मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 03 कल्याणी महिलाओं श्रीमती सुकली पति सुरज चौहान (निवासी बामनिया, पेटलावद), श्रीमती कमला पति मुकेश सिगाड़ (निवासी झांझरवा, राणापुर) एवं श्रीमती भावना पति शुभम पाटीदार (निवासी रायपुरिया, पेटलावद) को प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर भुगतान किया गया है।

इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा श्रीमती सोनाली पति धर्मेन्द्र (निवासी झाबुआ) तथा श्रीमती सपना पति राहुल (निवासी ग्वालरूड़ी, पेटलावद) को भी योजना के अंतर्गत आवेदन स्वीकृत किये गए एवं प्रोत्साहन राशि की भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है। जिले के गणमान्य एवं जागरूक नागरिकों से अनुरोध है कि जिन महिलाओं के पूर्व पति की मृत्यु हो चुकी है एवं जो पुनर्विवाह करती हैं, वे इस योजना का लाभ अवश्य लें। अधिक जानकारी हेतु सामाजिक न्याय विभाग, झाबुआ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है अथवा दूरभाष क्रमांक 9977469973 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### पात्रता एवं मापदण्ड

कल्याणी व कल्याणी का पति म.प्र. का मूल निवासी हो। कल्याणी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व उससे अधिक हो। संबंधी आयु प्रमाण पत्र। कल्याणी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी न हो। कल्याणी परिवार पेंशन प्राप्त न कर रही हो। आयकर दाता न हो। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र। पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र। दम्पत्ति का वैवाहिक फोटो व आवेदक/आवेदिका का पासपोर्ट साइज फोटो एवं बैंक खाता।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला बदर के 16 प्रकरणों में सूचना पत्र जारी




झाबुआ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नेहा मीना द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 8 के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही हेतु सूचना पत्र जारी किए गए हैं। यह कार्यवाही असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही है। जारी सूचना पत्रों के अंतर्गत थाना पेटलावद क्षेत्र के श्री कैलाश उर्फ भोला पिता भेरूलाल भाटी निवासी पेटलावद, श्री रामुनाथ पिता नाथुनाथ कालबेलिया निवासी बामनिया, श्री मांगीलाल पिता शोभाराम गरवाल निवासी उण्डवा तथा श्री आरिफ पिता मोहम्मद शब्बीर भाटी निवासी पेटलावद शामिल हैं। थाना झाबुआ क्षेत्र से श्री भारत उर्फ भारतसिंह पिता दुबलिया भूरिया निवासी कालियाबड़ा एवं श्री फकरू पिता मेसु बबेरिया निवासी छालकिया को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। इसी प्रकार थाना मेघनगर क्षेत्र से श्री विशाल पिता राजेश डामोर निवासी मेघनगर, श्री सुदर्शन पिता देवा मचार निवासी बेडावली तथा श्री अरुण पिता दयाल ओहारा निवासी मेघनगर, थाना काकनवानी क्षेत्र से श्री दिनेश पिता सोमजी उर्फ हमजी भूरिया निवासी काकनवानी एवं श्री दलसिंह उर्फ दलसुका पिता मुनसिंह वसुनिया निवासी ईटावा, थाना रायपुरिया क्षेत्र से श्री राजू उर्फ राजेन्द्र पिता मांगीलाल राठौर निवासी रायपुरिया तथा थाना थांदला क्षेत्र से श्री मुकेश पिता भीमा मोरी निवासी शिवगढ़ महुड़ा एवं श्री अशोक पिता मांगीलाल झोरिया निवासी करंजपाड़ा को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त थाना कालीदेवी क्षेत्र से श्री परवल उर्फ अश्विन पिता जुवानसिंह मेडा निवासी वागनेरा एवं श्री नरवल पिता जुवानसिंह मेडा निवासी वागनेरा को भी जिला बदर की कार्यवाही हेतु सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सभी संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है, जिसके पश्चात प्रकरणों में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया का कुन्दनपुर क्षेत्र में संघन भ्रमण

## बिजली की व्यापक,शेडूल अनुसार बिजली नहीं मिल रही है खाद की समस्या, कुन्दपुर में नगद खाद वितरण के निर्देश



झाबुआ आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया द्वारा अपने विधानसभा अन्तर्गत कुन्दनपुर क्षेत्र में संघन भ्रमण किया तथा अनेक ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की गई । इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए अधिकतर स्थानों पर खाद की कमी एवं बिजली की समस्याओं से अवगत कराया गया । कुन्दनपुर में नगर खाद वितरण केन्द्र प्रांरभ करने की बात कही। क्षेत्र में विद्युत मण्डल द्वारा जारी शेडूल अनुसार भी बिजली नहीं मिल रही है ग्रामीणों में सरकार एवं विभाग के प्रति नाराजगी है। उक्त जानकारी देतें हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने बताया कि डॉ विक्रांत भूरिया अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय है गये विगत दिवस कुन्दपुर उप ब्लाक का सघंन दौरा किया गया जिसके अन्तर्गत सर्व प्रथम कुन्दनपुर में विष्णु विद्या विहार के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों का उत्सावर्धन किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उन्होने कहा कि छात्र मेहनत करे पढाई की ओर ध्यान दे तथा सकारात्मक उर्जा रखे । उसके पश्चात ग्रामीणजनों से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत ग्राम नागनखेडी रतना , रेतालूजा,लम्बेला,गलती सुरिया नाहपुरा गवसर तथा काकरादरा ग्रामों में पहुंच कर स्थानीय जनप्रतिनिधयों एवं ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याको जाना अधिकतर स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा बिजली की समस्या एवं खाद की समस्या के बारे में अवगत कराया । इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि कुन्दनपुर क्षेत्र में जो विघुत मंडल विभाग द्वारा शेडूल दिया गया है उस अनुसार भी बिजली नहीं दी जा रही है ग्रामीण किसान रात रात भर जाग रहे है किन्तु उन्हे पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है ग्राम रेतालुंजा में ग्रामीणों द्वारा विघुत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश व्यक्त किया गया उन्होने वाल्टेज की समस्या बताई तथा मोबाईल तक चार्ज नहीं होने की बात कही गई। ग्राम गवसर एवं सुरडिया में लम्बे समय से विघुत ट्रास्फार्मर बंद है विभाग द्वारा सुधारने अथवा चालु करने कोई प्रयास नहीं किये जा रहे है। जिस पर विधायक डॉ भूरिया द्वारा वहां से तत्काल बिजली विभाग से चर्चा की गई तथा व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवीयों से मुलाकात की एवं उनकी समस्या जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रानापुर के कैलाश डामोर,उप ब्लाक कांग्रेस कुन्दनपुर के गोवर्धन भूरिया का स्वागत भी किया गया । भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से ग्रामीणों द्वारा वर्तमान में खाद की समस्या से अवगत कराया तथा नगद खाद नहीं मिलने की बात कही इस पर डॉ भूरिया द्वारा तत्काल स्थानीय स्तर पर खाद के सबंध में उप संचालक कृर्षि एवं अन्य अधिकारीयों से चर्चा की कुन्दनपुर में नगद खाद ब्रिकी केन्द्र खोलने के सबंध में निर्देश दिये जिससे किसानों एवं ग्रामीणों का आर्थिक एवं समय बबार्द न हो । साथ ही अन्य नवीन विघुतीकरण के कार्यो की मांग की गई उसे भी स्वीकृत करने का आश्वासन दिया तथा आगामी दिनों में विघुतिकरण एवं पेयजल से सबंधी कार्य प्राथमिकता से करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर,युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार रूपाखेडा खुना गुण्डिया ब्लाक अध्यक्ष झाबुआ तथा कांग्रेस वरिष्ठ नेता निहालचन्द, एनएसयुआई अध्यक्ष नरवेश अमलियार, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष दरियाव सिंगाड, सरपंचगण बाबू भाई लम्बेला, विजय सरंपच अकंलेश रेतालुजां नाहरंसिह तडवी दरियाव मेडा दिनेश मचार अकंलेश रूपला मचार केहू मचार पंकज मचार भूवानसिंह ,मोहना भगत,मदन पंचाल बाबू राठौर सहित अनेक सरपंच एवं क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें। सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# जीजस का गुण क्षमादान, आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है

जब यीशु का जन्म हुआ तब माँ मरियम कुंआरी थीं। मरियम जोसेफ नामक बढ़ई की धर्म पत्नी थीं। मरियम के गर्भवती होने का पता चलने पर जोसेफ के मन में मारिया पर अविश्वास जागा था लेकिन स्वप्न में ईश्वर ने जोसेफ को बताया कि मरियम पवित्र हैं और वे ईश्वर के पुत्र को जन्म देने वाली है। जब ईसा मसीह का जन्म हुआ उस वक्त परियों ने वहां आकर उन्हें मसीहा कहा और ग्वालों का एक दल उनके सामने प्रार्थना करने पहुंचा। सहज योग में जीजस या ईसामसीह का स्थान हमारे आज्ञा चक्र पर है। आज्ञा चक्र को स्वर्ग का द्वार बताया गया है। ईसामसीह द्वारा दिये गये ज्ञान में क्षमादान ही सर्वश्रेष्ठ दान है। ईसामसीह की क्षमाशीलता की आज विश्व को जरुरत है। यदि सभी ने इस गुण को स्वीकार कर लिया तो संसार के आधे से ज्यादा युद्ध समाप्त हो जायेंगे।



जीजस के महान जीवन से यह बात समझी जानी चाहिए कि वे एक सामान्य परिवार के, निर्धन परिवार के बेटे थे फिर भी उनके लिए धन का बिलकुल महत्व नहीं था। उनके लिए आत्मा ही सब कुछ थी। वे लोगों को उपदेश दे रहे थे और समझाने का प्रयास कर रहे थे कि जो जीवन हम जी रहे हैं उससे परे भी एक जीवन है आध्यात्मिकता के अभाव में हम उस जीवन को नष्ट कर रहे हैं, और वो जीवन अपनी आत्मा को पाये बगैर असंभव है। जीजस चर्च में पादरियों को धर्म का ज्ञान देते थे और सभी आश्चर्यचकित रह जाते थे कि इतना छोटा सा लड़का इतना गहन कैसे है। जीजस छोटे तो थे पर ईश्वर के बंदे थे, परमात्मा द्वारा सृजित थे इसका ज्ञान लोगों को उस समय नहीं हो पाया था। जीजस ने आत्मा को सदैव जीवित बताया यानि आत्मा कभी नहीं मरती और पुनर्जन्म लेती है। ईस्टर के दिन जीवित होकर उन्होंने इस बात को सिद्ध कर दिया था।

सहज योगियों को आत्मसाक्षात्कार मिलना ही उनका पुनर्जन्म है। श्री माताजी कहती हैं, ईसा मसीह ने ही सहज योग के लिए मंच तैयार किया था। आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति के लिए ॐ महत्वपूर्ण है। परमात्मा के पुत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जीजस में ॐ के सभी गुण व्याप्त थे। और क्षमादान का संदेश देकर उन्होंने हमारे लिए स्वर्ग का द्वार खोल दिया। हमारे अंदर के विष्णु, ब्रह्मा और शिव तीनों की शक्तियां जो हमारी तीनों नाड़ियों की शक्तियां है, हमारे आज्ञा चक्र पर आकर मिलती हैं यानि यहाँ ये एकरुप होती है और इसका नियंत्रण जीजस ही करते हैं। सहज योगियों के लिए ईसा मसीह महत्वपूर्ण देवता हैं क्योंकि मानव का पूर्ण समन्वय और सुरक्षा केवल तभी संभव है जब इन तीनों शक्तियों पर आस्था व विश्वास हो। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# मोहन कैबिनेट के एक फैसले ने मचाई सनसनी

## 3 लाख से ज्यादा आउटसोर्ट कर्मचारियों और अधिकारियों की उड़ी नींद



सीएम मोहन यादव कैबिनेट के एक फैसले के बाद वित्त विभाग का नया आदेश जारी हुआ है, इसमें आउटसोर्स श्रेणी पर निर्देश दिए गए हैं।कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग ने नया आदेश जारी कर दिया है। नए नियमों और दिशा-निर्देशों में आउट सोर्स कर्मचारी श्रेणी को खत्म करने का जिक्र इस आदेश के तहत इसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों, अधिकारियों, अस्थायी, संविदा, आउटसोर्स, कार्यभारित, आकस्मिकता निधि और अंशकालिक श्रेणियों में बांटा गया है। नए नियमों और दिशा-निर्देशों में आउट सोर्स कर्मचारी श्रेणी को खत्म करने का जिक्र है आउटसोर्स श्रेणी को मार्च 2027 तक समाप्त करने की तैयारी है।

सरकार के इस फैसले से आउटसोर्स अधिकारियों, कर्मचारियों में खलबली मच गई है और विरोध के सुर भी उभरने लग गए हैं। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में सरकारी विभागों में कर्मचारियों और अधिकारियों की कई श्रेणिया हैं। इससे भर्ती प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। इसे दूर करने के लिए प्रदेश में कर्मचारियों की श्रेणी तय करने का फैसला लिया था।

### आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ये हैं नया नियम

आदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कहा गया है कि उनके लिए कोई पद सृजित नहीं माना जाएगा। उनकी नियुक्ति निजी एजेंसियों के माध्यम से होगी । इसके साथ ही आउट सोर्स सेवाएं चरणबद्ध तरीके से मार्च 2027 तक समाप्त कर दी जाएंगी। अगर जरूरत हुई तो इनके स्थान पर नियमित कर्मचारियों की ही भर्ती की जाएगी। गौर करने वाली बात है कि प्रदेश के अधिकतर विभागों में आउट सोर्स कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति रेगुलर पोस्टों को खिलाफ ही की गई है।

### फैसले का विरोध शुरु

वही कैबिनेट के इस फैसले का आउटसोर्स अधिकारी और कर्मचारी संगठनों ने विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी तक दे दी है। मध्य प्रदेश में विभिन्न विभागों में 3 लाख से ज्यादा हैं आउटसोर्स कर्मचारी वहीं गौर करने वाली बात है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों में 3 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी और अधिकारी सेवाएं दे रहे हैं। लाजमी है कि कैबिनेट के इस फैसले जहां हलचल बढ़ गई है वहीं ये विरोध के सुर भी उठने लग गए हैं।




अच्छी शिक्षा, नौकरी का लालच...

## शिवपुरी में आदिवासियों को ईसाई बनाने की साजिश का पर्दाफाश, पादरी समेत 5 अरेस्ट



मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में आदिवासी और भील परिवारों के धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है. आरोप है कि कोलारस इलाके के बदरवास तहसील के कई गांवों में पिछले कुछ सालों से सरकारी टीचर, पटवारी और पादरी आदिवासी एवं भील परिवारों का धर्मांतरण कराने में लगे हुए थे. वह उन्हें नौकरी और पैसा का लालच देकर यह सब कर रहे थे. मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्ची को अच्छी शिक्षा, 25 हजार का प्रलोभन

हमीर सिंह भील ने बताया कि आरोपी धर्मांतरण करने के एवज में गरीब आदिवासी लोगों के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने, बच्चियों की शादी कराने, नौकरी लगवाने और धर्म परिवर्तन करने पर 25-25 हजार रुपये का प्रलोभन देकर हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाते थे. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

### 3 टीचर,पटवारी और पादरी अरेस्ट

इसके बाद कोलारस एसडीओपी संजय मिश्रा ने बदरवास टीआई रोहित दुबे के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए. टीआई ने तीनों शिक्षकों, पटवारी और पादरी को गिरफ्तार कर उनके पास से धर्मांतरण संबंधी सामग्री जब्त की. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है. जांच में सामने आया है कि आरोपी धर्मांतरण संबंधी यह मिशन पिछले पांच साल से चला रहे थे. पकड़े गए आरोपी टीचर दो दशक से ज्यादा समय से सरकारी नौकरी कर रहे थे।